**SECTION A**

Attempt **all** questions

## Question 1

## Write a short composition of Hindi approximately 250 words on any one of the following topics:-

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए** :-


(i)आपके परिवार के किसी ऐसे सदस्य का वर्णन कीजिए जिसने आपको प्रभावित किया है | बताइये की उस व्यक्ति के प्रभाव ने आपके जीवन को किस प्रकार परिवर्तित किया ? आपके गुणों को निखारने में और अवगुणों को दूर करने में उस व्यक्ति ने आपको किस प्रकार सहायता की ?
(ii)एक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो -

**" परिश्रम ही सफलता की कुंजी है "**

(iii)ऊँचे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए माता - पिता तथा अध्यापकों द्वारा बच्चों पर डाला जाने वाला दबाव अनुचित है | " विषय के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार लिखिए ?

(iv)**"वन हमारी अनमोल धरोहर है|** इस विषय पर एक लेख लिखिए |

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर ,उसका परिचय देते हुए कोई लेख ,घटना अथवा कहानी लिखिए,जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए|



**Question 2**

**Write a letter in HINDI in approximately 120 words on any one of the topics below :-**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में पत्र लिखिए :**

(i) आपकी छोटी बहन अपना अधिकांश समय मोबाइल फ़ोन पर बिताती है | मोबाइल फ़ोन के अधिक उपयोग से होने वाली हानियों का उल्लेख करते हुए उसे पत्र लिखिए |

(ii) आपके क्षेत्र में तेंदुआ के आ जाने से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है | उसको पकड़ने के लिए वन विभाग के अध्यक्ष को पत्र लिखिए |

**Answer the following according to the instructions given:- [8]**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए (सही विकल्प चुनिए) :

1. **'आवश्यक'** की भाववाचक संज्ञा बताइए |

(i) आवश्यकता (ii) मिठास (iii) जरूरत (iv) कठोरता

2.**'ननद'** का पुल्लिंग रूप लिखिए |

(i) भतीजा (ii) भांजा (iii) नंदोई (iv) चाचा

3.'**प्रभु** 'शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए |

(i) पशुता (ii) प्रभुत्व (iii) प्रभाव (iv) प्रभावित

4.**'कपडा'** शब्द का पर्यायवाची बताइए |

(i) वस्त्र (ii) शास्त्र (iii) अस्त्र (iv) पत्र

5.'**उपकार** 'शब्द का विपरीतार्थक (विलोम )शब्द बताइए |

(i) बेकार (ii) सत्कार (iii) प्रहार (iv) अपकार

**6.'भारत'** का विशेषण बताइए |

(i) भारतीय (ii) भारतीयता (iii) भारतवर्ष (iv) भारती

7. निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए |

'**निषेधवाचक**' वाक्य बताइए -

(i) मैं मुंबई गया था (ii) मैं मुंबई नहीं गया था (iii) मैं मुंबई जाऊँगा (iv) मैं मुंबई में रहता हूँ

8. निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए |

**धर्म का मानव जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है | (वाक्य में 'प्रभावित 'शब्द का प्रयोग कीजिए )** |

(i) धार्मिक मानव सबको प्रभावित करता है | (ii) मानव के मान को धर्म प्रभावित करता है |
(iii) धर्म मानव मन को प्रभावित करता है | (iv) मन को प्रभावित करने वाला मानव धर्म लें |

**(भीड़ में खोया आदमी)**

***(bheed mein khoya aadmi)***

**उम्र में मुझसे छोटे हैं ,पर अपने घर में बच्चों की फ़ौज खड़ी कर ली है |**

(i)उम्र में कौन ,किससे छोटा है ?दोनों के नाम बताएं और आपस में दोनों का क्या सम्बन्ध है ?

(ii) किसने घर में बच्चों की फ़ौज खड़ी कर ली है ? उसकी चरित्रगत विशेषताएं लिखें |

(iii) बच्चों की फ़ौज से क्या तात्पर्य है ? उन्हें वह परिवार बच्चों की फ़ौज क्यों लगता है ?

(iv) क्या उसका परिवार एक सुखी परिवार है ? कैसे ?

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-**

**( बड़े घर की बेटी )**

***(bade ghar ki beti)***

**"भाभी ,भैया ने निश्चय किया है कि वे मेरे साथ इस घर में न रहेंगे | अब वे मेरा मुँह देखना नहीं चाहते ,इसलिए मैं जाता हूँ | उन्हें फिर मुँह न दिखाऊँगा | मुझसे जो अपराध हुआ , उसे क्षमा करना |"**

**(**i) भाभी और भैया का परिचय दीजिये | भैया ने क्या निश्चय किया था और क्यों ?

(ii) आनंदी के स्वभाव की चर्चा कीजिये | वह अपने पति पर किस बात के लिए झुंझला रही थी ?

(iii) आनंदी की अपने पति से क्या बातचीत हुई ?

(iv) घटनाक्रम ने अंत में किस प्रकार मोड़ लिया ?